प्रशिक्षण मॉडयूल

प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ग्राम पंचायत विकास योजना (जी.पी.डी.पी) निर्माण प्रक्रिया

Transform Rural India

प्रशिक्षण का संदर्भ

ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) ग्रामीण समुदायों की आकांक्षाओं और स्थानीय आवश्यकताओं को संबोधित करते हुए गांवों में परिवर्तनकारी विकास को साकार करने का एक प्रभावी माध्यम है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम (1992) के अनुच्छेद 243G के अंतर्गत, ग्राम पंचायतों को नागरिकों को बुनियादी सेवाएं प्रदान करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए योजनाएं बनाने एवं उन्हें क्रियान्वित करने का अधिकार प्राप्त है।

यह अनुच्छेद पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाएं तैयार करने की स्वायत्तता प्रदान करता है, जिससे गांव अपने विकास का मार्ग स्वयं तय कर सकें। इसी दिशा में, **मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993** राज्य की विकेंद्रीकृत शासन व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है। विशेष रूप से, इस अधिनियम की **धारा 54** ग्राम पंचायतों को भागीदारीपूर्ण लोकतंत्र को प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी सौंपती है, जिससे राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ समन्वय करते हुए, स्थानीय प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास योजनाएं तैयार की जा सकें।

ग्राम पंचायत विकास योजनाएं सहभागी प्रक्रिया के माध्यम से तैयार की जानी चाहिए, जिसमें विशेष रूप से **महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों** और अन्य हाशिए पर स्थित समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह प्रक्रिया लोकतंत्र को गहराई प्रदान करती है, जिसमें **बच्चों सहित सभी नागरिकों** की निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में भागीदारी संभव होती है।

नियोजन प्रक्रिया में जनसहभागिता को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2018 में **'सबकी योजना, सबका विकास'** पहल के अंतर्गत **'जन योजना अभियान'** (People's Plan Campaign - PPC) प्रारंभ किया गया। यह अभियान पंचायतों के सभी स्तरों — ग्राम, जनपद एवं जिला — पर सहभागी प्रक्रियाओं के माध्यम से पंचायत विकास योजनाओं की समयबद्ध और प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करने हेतु एक सुव्यवस्थित रणनीति है।

इसके अतिरिक्त, **पंचायती राज मंत्रालय** ने सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को स्थानीय स्तर पर लागू करने हेतु 17 एस.डी.जी. को 9 विषयगत क्षेत्रों में वर्गीकृत करते हुए एक **थीम आधारित दृष्टिकोण** अपनाया है। परिणामस्वरूप, वर्ष 2023-24 से पंचायतें विषयगत GPDP तैयार कर रही हैं। साथ ही, **पंचायत उन्नति सूचकांक** की शुरुआत से डेटा-आधारित योजना निर्माण को भी प्रोत्साहन मिला है। यह सूचकांक पंचायतों को स्थानीय सतत विकास विषयों (LSDGs) के संदर्भ में अपनी स्थिति का मूल्यांकन करने, प्राथमिकताओं की पहचान करने तथा उन पर केंद्रित योजनाएं तैयार करने का अवसर प्रदान करता है।

विषयगत ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण के लिए पंचायत स्तर पर सभी संबंधित हितधारकों की भागीदारी आवश्यक होती है, जिसमें **निर्वाचित जनप्रतिनिधि, फ्रंटलाइन कार्यकर्ता (FLWs), स्वयं सहायता समूह, सामुदायिक संगठन** और अन्य स्थानीय संस्थाएं शामिल हैं। यह प्रक्रिया सहभागिता, परामर्श और संसाधनों के अभिसरण (convergence) के माध्यम से संचालित होती है।

अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि सभी हितधारक **पीपीसी अभियान के उद्देश्यों और प्रक्रियाओं से भलीभांति परिचित** हों तथा यह सुनिश्चित करें कि अभियान की मूल भावना के अनुरूप, सभी की सक्रिय भागीदारी से बहुआयामी एवं समन्वित योजनाओं का निर्माण किया जाए।

प्रशिक्षण के उद्देश्य

प्रशिक्षण के अंत में, प्रतिभागी निम्नलिखित कार्यों में सक्षम होंगे:

- ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) की तैयारी के लिए आवश्यक विभिन्न हितधारकों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करना।
- गुणवत्तापूर्ण GPDP निर्माण की प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से समझना एवं **पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI)** पोर्टल का उपयोग कर अपनी पंचायत की रैंकिंग और स्कोर देख पाने में सक्षम होना।
- GPDP और VPRP योजनाओं के निर्माण हेतु उपलब्ध विभिन्न संसाधनों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करना।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख प्रतिभागी निम्नलिखित होंगे:

- निर्वाचित जनप्रतिनिधि
- ग्राम पंचायत सचिव
- अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता (Frontline workers)
- स्वयं सहायता समूह (SHG) की सदस्य

कार्यक्रम की अवधि: 02 दिन

प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा और एजेंडा

प्रथम दिवस		
समय	**विषय**	**प्रशिक्षण पद्धति और विवरण**
10:00 – 10:30	पंजीकरण	प्रतिभागियों का स्वागत और उपस्थिति पंजीकरण
10:30 – 10:45	परिचय एवं प्रशिक्षण का संदर्भ	• प्रशिक्षण के उद्देश्यों, पृष्ठभूमि और महत्व की व्याख्या • प्रशिक्षण के नियमों की स्थापना
10:45 – 11:30	माइक्रो लैब – "यहां और अभी" (चाय के साथ)	• आइस-ब्रेकिंग गतिविधि • प्रशिक्षण से अपेक्षाओं का संकलन
11:30 – 12:45	73वां संविधान संशोधन, स्थानीय शासन की भूमिका व प्रासंगिकता	• स्थानीय सरकारों की भूमिका, अधिकार, और प्रमुख हितधारकों की पहचान • समूह चर्चाएं व गतिविधियां
12:45 – 01:30	योजना और बजट: अवधारणाएं एवं सरकार की भूमिका	• योजना निर्माण की प्रक्रिया • प्राथमिकताओं की पहचान में समुदाय की भागीदारी
01:30 – 02:30	भोजन अवकाश	
02:30 – 04:00	**GPDP तैयारी की प्रक्रिया और हितधारकों की भूमिका**	• GPDP-VPRP की संरचना, चरण और संकल्प • PAI पोर्टल की जानकारी और GP रैंकिंग की चर्चा
04:00 – 04:15	चाय अवकाश	
04:15 – 05:30	**गतिविधि पहचान प्रक्रिया**	• बजटीय, गैर-बजटीय और कम बजटीय गतिविधियों का वर्गीकरण • स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका आदि क्षेत्रों में हस्तक्षेप हेतु विश्लेषण • पठन सामग्री का वितरण

द्वितीय दिवस		
समय	**विषय**	**प्रशिक्षण पद्धति**
10:30 – 11:00	पुनर्कथन	• पहले दिन सीखी गई बातों की पुनरावृत्ति • सूती धागा या गेंद के साथ विचार साझा करना
11:00 – 11:15	चाय अवकाश	
11:15 – 12:15	ग्राम पंचायत रिसोर्स एन्वेलप	• संसाधनों की उपलब्धता और अभिसरण की संभावना पर चर्चा • बिंदी खेल के माध्यम से संसाधन उपयोग पर गतिविधि

12:15 – 01:30	गुणवत्तापूर्ण जीपीडीपी: योजनाओं और बजट का मानचित्रण	• पिछली योजनाओं का विश्लेषण • बजट और विभागों के बीच संगति पर चर्चा
01:30 – 02:30	भोजन अवकाश	
02:30 – 03:45	**जीपीडीपी मसौदे की तैयारी**	• बजटीय कार्य योजना का मसौदा तैयार करना • वीपीआरपी-जीपीडीपी एकीकरण और समूह गतिविधि
03:45 – 04:30	जीपीडीपी अनुमोदन के लिए मॉडल ग्राम सभा और पोर्टल प्रदर्शन	• ग्राम सभा के मॉडल प्रदर्शन • पोर्टल की जानकारी और प्रदर्शन
04:30 – 5:00	**चिंतन, प्रतिक्रिया और समापन**	• फीडबैक, समापन और प्रशिक्षण का समापन

प्रशिक्षण किट की रूपरेखा

निम्नलिखित प्रशिक्षण किट को डिज़ाइन और विकसित किया जाएगा:

1. **हितधारक मानचित्रण – प्लैकार्ड:** 13 कार्ड, जिन पर विभिन्न हितधारकों के नाम अंकित होंगे।
2. **गतिविधि पहचान प्रक्रिया – क्षेत्रवार परिदृश्यों की चुनौतियाँ:** प्रतिभागियों द्वारा विश्लेषण के लिए प्रस्तुत।
3. **ग्राम पंचायत संसाधन लिफाफा – 'बिंदी खेल':** फ्लेक्स पर आधारित सहभागी गतिविधि।
4. **गुणवत्तापूर्ण GPDP – योजनाओं, बजट और विभागों का मानचित्रण:** एक 'पहेली खेल' के माध्यम से समझ विकसित करना।

प्रशिक्षण स्थल की व्यवस्था

- प्रशिक्षण के लिए एक बड़ा कक्ष, जिसमें यू-आकार की बैठक व्यवस्था या छोटे समूहों के लिए सुविधाजनक बैठने की व्यवस्था हो।
- आवश्यक उपकरणों में शामिल होंगे:
  - **प्रोजेक्टर** (पोर्टल प्रदर्शन हेतु)
  - **फ्लिप चार्ट, चार्ट पेपर, व्हाइटबोर्ड, मार्कर**
  - **फ्लैश कार्ड, स्टिकी नोट्स**
  - **लैपटॉप/कंप्यूटर**

विस्तृत सत्र योजना
पहला दिन

सत्र 1 - संदर्भ साँझा करना

15 मिनट

उद्देश्य:

प्रशिक्षण का सकारात्मक माहौल तैयार करना, सत्र के उद्देश्य स्पष्ट करना तथा सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आधारभूत नियमों की स्थापना करना।

सुविधाकर्ता प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत करेंगे और स्वयं का संक्षिप्त परिचय देंगे। वे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, उसके उद्देश्यों और एजेंडे का परिचय प्रस्तुत करेंगे। सुविधाकर्ता , जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) की तैयारी प्रक्रिया के महत्व को रेखांकित करते हुए संविधान और राज्य स्तर पर जारी कानूनी आदेशों के परिप्रेक्ष्य में चर्चा करेंगे। वे यह स्पष्ट करेंगे कि यदि जीपीडीपी को गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता के साथ तैयार किया जाए, तो यह ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तनकारी बदलाव ला सकता है। सुविधाकर्ता प्रतिभागियों को यह भी समझाएंगे कि भारत का 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, ग्राम पंचायतों को आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की योजनाएं बनाने का अधिकार प्रदान करता है।

मध्य प्रदेश पंचायत अधिनियम के अनुसार, समुदाय की भागीदारी से विकास योजनाएं तैयार करना ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी है। प्रतिभागियों को यह जानकारी दी जाएगी कि इस दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान वे ऐसी योजनाएं बनाना सीखेंगे जो पंचायत की दृष्टि, सपनों और स्थानीय आवश्यकताओं को प्रतिबिंबित करें। इन योजनाओं में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी—विशेषकर महिलाएं, बच्चे, हाशिए पर स्थित समूह, और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी—तथा संसाधनों की पहचान कर विभिन्न स्रोतों से उन्हें एकत्रित करने की विधियाँ समझाई जाएँगी।

आधारभूत नियम तय करना:

प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बनाए रखने हेतु कुछ आधारभूत नियमों की स्थापना आवश्यक है। इन नियमों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया जाए:

- **समय का पालन:** सभी सत्रों में समय का अनुशासन बनाए रखें।
- **सम्मानजनक भागीदारी:** एक-दूसरे की बातों को ध्यानपूर्वक और सम्मानपूर्वक सुनें।
- **मोबाइल फोन का संयमित उपयोग:** हॉल के अंदर मोबाइल फोन का उपयोग न करें या उसे मौन (साइलेंट) मोड पर रखें।
- **सक्रिय भागीदारी:** प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

सत्र 2 - माइक्रो लैब: "यहां और अभी"

45 मिनट

उद्देश्य:

- प्रतिभागियों के बीच प्रारंभिक संकोच को दूर करना (आइसब्रेकिंग)।
- उन्हें सहज और आत्मविश्वासी महसूस कराना।
- आपसी विश्वास एवं जुड़ाव को बढ़ावा देना।
- प्रतिभागियों की अपेक्षाओं और पूर्व अनुभवों को जानना।

आवश्यकताएँ:

- 30–40 प्रतिभागियों के लिए खुली एवं सुरक्षित जगह, जहाँ वे स्वतंत्र रूप से घूम सकें।
- यदि संभव हो तो माइक और स्पीकर सिस्टम (बड़े समूह के लिए)।
- टाइमर या घड़ी।

सुविधाकर्ता के लिए नोट - माइक्रो लैब गतिविधि

माइक्रो लैब एक ऐसी संरचित गतिविधि है, जिसे प्रतिभागियों के लिए एक सुरक्षित और सहज वातावरण तैयार करने हेतु डिज़ाइन किया गया है, जहाँ वे अपने विचारों को स्पष्ट रूप से समझ सकें और दूसरों के दृष्टिकोण को भी जान सकें।

यह प्रक्रिया प्रसिद्ध सामाजिक मनोवैज्ञानिक **कर्ट लेविन** द्वारा विकसित की गई है, और इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को मानसिक रूप से केंद्रित करना, प्रारंभिक अवरोधों को दूर करना और समूह के साथ गहराई से जुड़ने के लिए तैयार करना है।

यह गतिविधि चिंतन (Reflection) और मूवमेंट (Movement) के संयोजन से संचालित होती है और सत्र की विषयवस्तु की ओर धीरे-धीरे प्रतिभागियों को ले जाती है। इसमें पूछे जाने वाले प्रश्न व्यक्तिगत अनुभवों से शुरू होकर धीरे-धीरे व्यापक (मैक्रो) दृष्टिकोण तक जाते हैं।

इस सत्र का प्रमुख उद्देश्य किसी विषय विशेष पर जानकारी देना या समझ विकसित करना नहीं है, बल्कि प्रतिभागियों को अपने अंदर झाँकने और अपने विचारों को स्पष्ट रूप से समझने का अवसर प्रदान करना है। यह उन्हें भावनात्मक रूप से जुड़ने और प्रशिक्षण में उठाए जाने वाले मुद्दों के प्रति बौद्धिक रूप से तैयार होने का अवसर देता है — जिसे हम "अनफ्रीजिंग" कहते हैं।

फैसिलिटेटर को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रतिभागियों की कोई भी भ्रमपूर्ण या गैर-यथार्थ अपेक्षा स्पष्ट रूप से संबोधित की जाए, ताकि वे प्रशिक्षण की प्रकृति और उद्देश्यों को सही ढंग से समझ सकें।

सुविधाकर्ता के लिए नोट - माइक्रो लैब संचालन के लिए

फैसिलिटेटर प्रतिभागियों के साथ माइक्रो लैब का संचालन करेंगे ताकि वे सत्र की गतिविधियों और मुक्त-प्रवाह वाली बातचीत में सहज रूप से शामिल हो सकें। यह गतिविधि प्रारंभिक झिझक को दूर करने, आपसी संवाद को प्रोत्साहित करने, और एक-दूसरे को बेहतर जानने में मदद करेगी। इससे प्रतिभागी समूह के भीतर एक-दूसरे की ताकतों, चुनौतियों, दृष्टिकोणों, आवश्यकताओं और समर्थन की जरूरतों को बेहतर समझ सकेंगे।

सुविधाकर्ता के लिए निर्देश:

- प्रतिभागियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दें कि वे आपके द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें (नीचे दिए गए निर्देश अनुक्रम देखें)।
- माइक्रो लैब के निर्देश अनुक्रम को ध्यानपूर्वक और स्पष्ट रूप से पढ़ें।
- प्रतिभागी यदि स्पष्टीकरण मांगें, तो अतिरिक्त जानकारी न दें—केवल वही निर्देश दोहराएं।
- प्रत्येक निर्देश के लिए निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन करें। अतिरिक्त समय न दें। समय समाप्त होने पर प्रतिभागियों को अगले निर्देश पर बढ़ना चाहिए।
- प्रतिभागी उत्तर देते समय आपकी स्वीकृति की अपेक्षा कर सकते हैं और आँखों से संपर्क करके प्रतिक्रिया माँग सकते हैं। ऐसे समय में आँखों से संपर्क करने से बचें।
- माइक्रो लैब के समापन पर प्रतिभागियों से उनके अनुभव साझा करने को कहें और चर्चा के माध्यम से निष्कर्ष प्रस्तुत करें।

गतिविधि संचालन प्रक्रिया:

1. शुरुवात
   - फैसिलिटेटर उपस्थित प्रतिभागियों की पंजी सूची प्रदर्शित करेंगे और सभी को कमरे के केंद्र में इकट्ठा होने के लिए कहेंगे।
   - फिर स्पष्ट आवाज़ में निर्देश देना शुरू करेंगे।

निर्देश अनुक्रम:

फैसलिटेटर द्वारा प्रतिभागियों से यहाँ पूंछा जाये क्या आप कभी मेले में गए हैं ? आमतौर पर लोग मेले में कैसे घूमते हैं ? आप को भी यहाँ इस तरह इधर उधर चलना हैं और दिए गए निर्देशों का पालन करना हैं|

1. कमरे में इधर-उधर घूमें, एक-दूसरे की आँखों में देखकर बिना कुछ कहे अभिवादन करें।
   फिर रुकें, जोड़े बनाएं और एक-दूसरे से **अपना नाम, गाँव और इस प्रशिक्षण में सबसे पसंदीदा बात साझा करें। (2 मिनट)**
2. टेढ़े-मेढ़े तरीके से घूमें। ज़िगज़ैग तरीके से चलें। रुकें, जोड़े बनाएं और **अपने जीवन की सबसे रोचक घटना साझा करें जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। (2 मिनट)**
3. इधर उधर चलें रुकें, तीन छलांग पीछे, दो छलांग आगे और फिर दो छलांग पीछे जाएँ। रुकें, 3 लोगों का समूह बनाएं और **कोई हाल ही में हुए किसी प्रशिक्षण में सीखी गई नई बात को साझा करें। इसे सीखकर आपको कैसा महसूस हुआ? (3 मिनट)**
4. कमरे में इधर-उधर घूमना शुरू करें। रुकें, 4 लोगों का समूह बनाएं और **अपनी दो ताकतें या खूबियाँ साँझा करें (4 मिनट)**
5. आगे बढ़ें और चलते रहें जब तक कमरे के अंत तक न पहुँच जाएं।
   फिर 3 लोगों का समूह बनाएं और साझा करें— **आपने किसी के जीवन को बेहतर बनाने के लिए क्या किया है? (3 मिनट)**
6. ज़िगज़ैग तरीके से चलें, रुकें, 4 लोगों का समूह बनाएं और चर्चा करें —
   GPDP के चलते आपकी पंचायत में पिछले वर्षों में क्या उपलब्धियां हांसिल की या क्या बदलावा आप नया कर पाए (4 मिनट)

7. सीधे आगे बढ़ें, मुड़ें और पीछे की ओर लौटें। रुकें, 5 लोगों का समूह बनाएं और साझा करें —

   आप GPDP में अपनी आने वाले सालों में आप अपनी पंचायत की GPDP बनायेगें तो किस तरह की गतिविधयों को शामिल करना पसंद करेगें

   (विशेषकर: महिलाओं से संबंधित, बुनियादी ढांचे से जुड़ी, कम लागत/बिना लागत की गतिविधियाँ) (5 मिनट)

8. कमरे में इधर-उधर घूमें। अपने दाएँ और बाएँ खड़े लोगों से हाथ मिलाएं।

   फिर रुकें, 3 लोगों का समूह बनाएं **और अपने गाँव के लिए एक सपना साझा करें जिसे आप साकार होते देखना चाहते हैं। (6 मिनट)**

9. किसी को देखें, उनके पास जाएं, हाथ मिलाएं और कहें:

   "हम जन भागीदारी से योजना बनाएंगे और उसे लागू करेंगे।" (2 मिनट)

सुविधकर्ता के लिए नोट:

कम सक्रिय प्रतिभागियों पर नज़र रखें और उन्हें धीरे-धीरे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। लहज़ा हल्का, सुसंगत और सहयोगात्मक रखें। यह सुनिश्चित करने के लिए समय की निगरानी करें कि गतिविधि निर्धारित समय सीमा से अधिक न हो।

सत्र 3 – 73वां संविधान संशोधन, स्थानीय स्वशासन, और समुदायों के अवसर, हितधारकों का मानचित्रण

60 मिनट

अपेक्षित परिणाम:

- प्रतिभागी ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने वाले संवैधानिक और राज्य के आदेशों को समझेंगे।
- वे पंचायत के कामकाज में शामिल हितधारकों का एक व्यापक मानचित्र बनाएंगे, शासन, सेवा वितरण और सामुदायिक कल्याण में विविध भूमिकाओं को पहचान पाएंगे।
- वे अनुच्छेद 243A (ग्राम सभा) और मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम द्वारा अनिवार्य समावेशिता के महत्व को समझेंगे और इनका जीपीडीपी के साथ एकीकरण कर पाएंगे।
- प्रतिभागी ग्रामीण विकास में हितधारकों और उनकी भूमिकाओं पर अपनी समझ विकसित करेंगे।

आवश्यक सामग्री:

फ्लिपचार्ट, मार्कर, प्रमुख संवैधानिक प्रावधानों के साथ हैंडआउट, हितधारक मानचित्रण टेम्पलेट।

सत्र के बारे में:

इस सत्र का उद्देश्य प्रतिभागियों को पंचायतों के संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक-आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय से संबंधित राज्य के आदेशों के बारे में जानकारी देना है। इसके साथ ही प्रमुख हितधारकों की पहचान करना है। यह सत्र इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि ग्राम पंचायत एक स्वशासी संस्था है और जीपीडीपी से परे योजना बनाने में इसकी जिम्मेदारियों पर जोर दिया जाता है, जैसे कि बुनियादी सेवाएं प्रदान करना, स्थानीय संसाधनों का प्रबंधन करना और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना। इस सत्र में प्रतिभागी हितधारक मानचित्रण गतिविधि के माध्यम से यह समझेंगे कि प्रत्येक हितधारक की भूमिका क्या होती है और उन्हें एक-दूसरे के साथ कैसे सहयोग करना चाहिए।

गतिविधि 01: इतिहास की खोज

प्रश्न:

फैसिलिटेटर प्रतिभागियों के साथ माइक्रो लैब का संचालन करेंगे ताकि वे सत्र की गतिविधियों और मुक्त-प्रवाह वाली बातचीत में सहज रूप से शामिल हो सकें। यह गतिविधि प्रारंभिक झिझक को दूर करने, आपसी संवाद को प्रोत्साहित करने, और एक-दूसरे को बेहतर जानने में मदद करेगी। इससे प्रतिभागी समूह के भीतर एक-दूसरे की ताकतों, चुनौतियों, दृष्टिकोणों, आवश्यकताओं और समर्थन की जरूरतों को बेहतर समझ सकेंगे।

- हम एक देश के रूप में कब स्वतंत्र हुए?

  उत्तर: 15 अगस्त, 1947। लगभग 100 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद भारत को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता मिली।

- संविधान कब लागू हुआ?

  उत्तर: 26 जनवरी, 1950।

- 73वां संविधान संशोधन कब लागू हुआ?

उत्तर: 24 अप्रैल, 1993। 73वें संविधान संशोधन ने नागरिकों को जमीनी स्तर पर शासन में सीधे भाग लेने का अधिकार दिया।

- ग्रामीण विकास में पंचायतों की भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारियाँ क्या हैं?

  उत्तर: पंचायतें स्थानीय विकास, सामाजिक न्याय और नागरिकों के आर्थिक विकास के लिए ज़िम्मेदार हैं।

गतिविधि 2: भारत में विभिन्न स्तरों पर सरकार

सुविधाकर्ता प्रतिभागियों से चर्चा के लिए कुछ प्रश्न पूछेंगे।

- आपने चुनाव में किन जनप्रतिनिधियों को वोट दिया?

  उत्तर:

  - कुछ प्रतिभागी कह सकते हैं कि उन्होंने सरपंच और पंचायत के वार्ड सदस्यों को वोट दिया।
  - कुछ प्रतिभागी कह सकते हैं कि उन्होंने विधायक, सरपंच और पंचायत के वार्ड सदस्यों को वोट दिया।
  - कुछ प्रतिभागी कह सकते हैं कि उन्होंने सांसद, विधायक, सरपंच/मुखिया/प्रधान और पंचायत के वार्ड सदस्यों को वोट दिया है।
  - यह भी संभव है कि कुछ प्रतिभागी जिला और यह भी संभव हैं कि कुछ प्रतिभागी जिला पंचायत और जनपद पंचायत सदस्य चुनावों।

चर्चा का निष्कर्ष

सभी उत्तर प्राप्त करने के बाद, सुविधाकर्ता प्रतिभागियों को बताएंगे कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत, प्रत्येक मतदाता कुल 6 जनप्रतिनिधियों के लिए वोट करता है।

अब, सुविधाकर्ता प्रतिभागियों से फिर से निम्नलिखित प्रश्न पूछेंगे:

- सांसद को वोट देने से कौन सी सरकार बनती है?

  स्पष्टीकरण: केंद्र सरकार (लोकसभा - दिल्ली सरकार) सांसदों द्वारा बनाई जाती है।

- विधायक को वोट देने से कौन सी सरकार बनती है?

  स्पष्टीकरण: राज्य सरकार (विधानसभा - राज्य सरकार) विधायकों द्वारा बनाई जाती है।

- यदि आप पंच, सरपंच/प्रधान/मुखिया प्रधान शब्द हटाये साथ ही जिला और जनपद पंचायत के लिए वोट करते हैं जोड़ें?

  स्पष्टीकरण: स्थानीय सरकार (ग्राम पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर की सरकार) पंच, सरपंच/प्रधान/मुखिया द्वारा बनाई जाती है। यह प्रत्यक्ष लोकतंत्र का एक रूप है, जहां निर्वाचित प्रतिनिधि और आम नागरिक मिलकर निर्णय लेते हैं।

गतिविधि 03: सरकार के विभिन्न स्तरों की जिम्मेदारियाँ - सीमाएँ

अब, सुविधाकर्ता प्रतिभागियों से कुछ प्रश्न पूछेंगे; उत्तरों को दीवार पर लगे सफ़ेद बोर्ड या चार्ट पेपर पर लिखेंगे।

सुविधाकर्ता प्रतिभागियों से कुछ प्रश्न पूछेंगे ताकि प्रतिभागियों को स्थानीय सरकार की भूमिका और जिम्मेदारियों तथा स्थानीय समुदायों की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अन्य विभागों के साथ उनके सहयोग को समझने में

मदद मिल सके।

चर्चा का प्रवाह:

सुविधाकर्ता को प्रतिभागियों से पूछना चाहिए:

- आप जिन समुदायों के साथ काम करते हैं उनकी आकांक्षाएँ/माँगें क्या हैं? कृपया उन्हें सूचीबद्ध करें। (सुविधाकर्ता उन्हें एक बोर्ड पर लिखेगा।)
- उन तीनो के हाथ में चार्ट पर लिख कर उन्हें तीन अलग अलग दिशा में खड़ा कर दे एक में राज्य सरकार, दुसरे में केंद्र सरकार और तीसरे में स्थानीय सरकार का प्रतिनिधित्व करने का कहें|
- सभी प्रतिभागियों को कहें की आपने जो मांगें बताई हैं उन मांगों को कुंसी सरकार पूरा कर सकती हैं उसके पास जा कर खड़े ही जाये यहाँ अत्यधिक संभवना हैं ......
    - यह अत्यधिक संभावना है कि अधिकांश प्रतिभागी स्थानीय सरकार के बगल में खड़े होंगे।

विषय	केंद्र सरकार	राज्य सरकार	स्थानीय सरकार/ ग्राम पंचायत/ ग्राम सभा
शिक्षा			
आजीविका, कौशल विकास, रोजगार संबंधी कार्य			

उदाहरण: शिक्षा चर्चा के लिए प्रश्न:

- कौन सी सरकार शिक्षा नीति बनाती है?
- कौन सी सरकार शिक्षकों की नियुक्ति करती है?
- कौन सी सरकार गाँवों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है?
- कौन सी सरकार गाँव के स्कूलों में बच्चों को मध्याह्न भोजन सुनिश्चित करने के लिए पैसा खर्च करती है?
- कौन सी सरकार गाँव के स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है?

उदाहरण: आजीविका, कौशल विकास, रोजगार संबंधी कार्य चर्चा के लिए प्रश्न:

- कौन सी सरकार यह तय करती है कि गांव में बुजुर्ग, विकलांग, विधवा आदि को पेंशन मिलनी चाहिए या नहीं?
- कौन सी सरकार लाभार्थियों के खाते में पात्रता हस्तांतरित करती है?
- कौन सी सरकार यह मंजूरी देती है कि गांव में किसे पेंशन मिलनी चाहिए?
- कौन सी सरकार छोटे और सीमांत किसानों को सिंचाई की सुविधा प्रदान कर सकती है?
- कौन सी सरकार योजनाबद्ध लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करती है?
- कौन सी सरकार आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय भंडारण सुविधाओं का विकास कर सकती है?

सुविधाकर्ता नोट:

सुविधाकर्ता को यह स्पष्ट करना चाहिए कि संविधान के अनुसार, स्थानीय सरकार/पंचायत इन मांगों को संबोधित करने के

लिए सबसे उपयुक्त संस्थान हैं। जबकि राज्य और केंद्र सरकारें नीतियाँ बनाती हैं, पंचायतें सेवा वितरण के लिए जिम्मेदार होती हैं।

जब प्रतिभागियों की प्रतिक्रियाएँ चार्ट पेपर पर अंकित हो जाती हैं, तो सुविधाकर्ता को निम्नलिखित बातें स्पष्ट करनी चाहिए

- जबकि केंद्र और राज्य सरकारें नीतियाँ और कार्यक्रम तैयार करती हैं, पंचायतों के पास उन्हें लागू करने की शक्ति और जिम्मेदारी होती है।
- तीनों सरकारें अलग-अलग भूमिकाएँ निभाती हैं, लेकिन यह समझना ज़रूरी है कि पंचायत क्षेत्र में कोई व्यक्तिगत, सामुदायक, सार्वजनिक लाभ प्रदान करने के लिए स्थानीय सरकारों की सहमति और सिफ़ारिश की आवश्यकता होती है।

सुविधाकर्ता को प्रतिभागियों को विकास के दो तरीकों के बारे में बताना चाहिए, और कैसे हमने विकेंद्रीकृत निर्णय लेने और समुदायों के साथ विकास नियोजन के लिए शक्तियाँ निहित करने के लिए **ऊपर से नीचे** के दृष्टिकोण के बदले **नीचे से ऊपर** के दृष्टिकोण की ओर रुख किया।

- भारतीय संविधान के अनुसार, लोगों के कल्याण के लिए नियम हैं।
- यह ज़रूरी है कि विकास में लोगों की भागीदारी हो और लोग अपने हितों से जुड़े फ़ैसले ले सकें, लेकिन समय के साथ यह समझ में आ गया है कि केंद्र और राज्य सरकारें लोगों के प्रतिनिधि के तौर पर फ़ैसले लेती हैं और अप्रत्यक्ष लोकतंत्र का हिस्सा होती हैं, क्योंकि चुने हुए लोग मतदाताओं के साथ मिलकर फ़ैसले नहीं लेते।
- गाँव की ज़रूरतों और राज्य और केंद्र की प्राथमिकताओं में फ़र्क है, क्योंकि हर गाँव की अपनी स्थानीय समस्याएँ और ज़रूरतें होती हैं, जिन्हें स्थानीय नागरिकों की सामूहिक भागीदारी के साथ निर्णय लेने और निगरानी प्रक्रियाओं से ही दूर किया जा सकता है।

अब सुविधाकर्ता विभिन्न सरकारों की भूमिकाओं को दर्शाने वाले अभ्यास के उदाहरणों का हवाला देते हुए सरकार के लिए **नीचे से ऊपर** के दृष्टिकोण की व्याख्या करेंगे। वर्ष 1992 में किए गए 73वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की गई थी। इसे 24 अप्रैल 1993 को लागू किया गया था। इसका उद्देश्य ग्रामीण स्वशासन और स्थानीय स्तर पर सत्ता का विकेन्द्रीकरण था। 73वां संविधान संशोधन अधिनियम वास्तव में एक मील का पत्थर है, जिसके द्वारा आम लोगों को सुशासन में भागीदारी करने का सुनहरा अवसर मिला है। अब सुविधाकर्ता प्रतिभागियों से पूछेंगे कि क्या वे पंचायतों के महत्व को समझते हैं और उनके अनुसार पंचायतें क्या भूमिका निभा सकती हैं।

गतिविधि 04 : स्टेकहोल्डर मैपिंग

अब सुविधाकर्ता प्रतिभागियों से पूछेंगे कि इस संरचना में कौन-कौन हितधारक हैं। यह अभ्यास पंचायतों को पंचायत स्तर पर ग्रामीण विकास में भूमिका निभाने वाले प्रत्येक हितधारक की पहचान करने में मदद करेगा। हितधारक वे सभी लोग हैं जो विकास प्रक्रिया में भागीदार हैं, उदाहरण के लिए, निर्वाचित प्रतिनिधि, एफएलडब्ल्यू, एसएचजी, गाँव के बुजुर्ग, हाशिए पर पड़े समुदाय आदि। सुविधाकर्ता व्हाइट बोर्ड या चार्ट पेपर पर उत्तर लिख सकते हैं।

- सुविधाकर्ता चार्ट/व्हाइटबोर्ड के बीच में "ग्राम पंचायत" लेबल वाला एक बड़ा वृत्त खीचेंगे और उसमें नाम/भूमिकाएँ लिखने के लिए जगह छोड़ेंगे।



- प्रतिभागियों से उन सभी हितधारकों का नाम बताने के लिए कहें, जिनके बारे में वे सोच सकते हैं, जो ग्राम पंचायत के कामकाज में मदद करते हैं।
- ग्राम पंचायत के घेरे के चारों ओर हितधारकों का नाम लिखें और दिखाएँ कि वे पंचायत से कैसे जुड़े हुए हैं, उदाहरण: एसएचजी महिलाएँ महिलाओं की ज़रूरतों को सामने लाती हैं, सरपंच के स्थान पर ग्राम सभा लिखे। मैप करें कि कौन सेवा प्रदान करता है, कौन निर्णय लेता है, और यह सोचें कि कौन छूट गया है। सुविधाकर्ता को उनसे प्रमुख हितधारकों और उनकी भूमिकाओं के बारे में बताने के लिए कहना चाहिए।
- सुविधाकर्ता छूटे हुए हितधारकों को जोड़ेंगे, यदि कोई हो, तथा प्रतिभागियों से पूछेंगे - कौन से हितधारक छूट गए हैं, और उन्हें शामिल करने में आपको क्या चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, उदाहरण के लिए, युवा, एससी/एसटी समुदाय, महिलाएँ आदि।
- प्रशिक्षण हॉल की दीवारों पर हितधारक मानचित्र प्रदर्शित करें।

हितधारक	योगदान मूल्य में योगदान	योगदान मूल्य
ग्राम सभा	ग्राम पंचायत	विकास योजनाओं पर इनपुट और फीडबैक प्रदान करता है।
ग्राम पंचायत	ग्राम सभा, निर्वाचित सदस्य, स्थानीय समुदाय	विकास परियोजनाओं को लागू करता है, शासन को सुगम बनाता है।
पंचायत सचिव	ग्राम पंचायत, निर्वाचित सदस्य	प्रशासनिक सहायता, परियोजना प्रबंधन, रिकॉर्ड रखना।
महिला जनप्रतिनिधि	ग्राम पंचायत, स्थानीय समुदाय	महिलाओं के मुद्दों को बढ़ावा देती हैं, शासन में प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करती हैं।
निर्वाचित पंचायत सदस्य	ग्राम पंचायत, स्थानीय समुदाय	घटकों की जरूरतों का प्रतिनिधित्व करता है, निर्णय लेने में भाग लेता है।

समुदाय आधारित संगठन	ग्राम पंचायत, स्थानीय समुदाय	समुदायों को जोड़ता है, स्थानीय मुद्दों और संसाधनों पर अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।
जनपद पंचायत	ग्राम पंचायत, जिला पंचायत	ग्राम शासन की देखरेख और समर्थन करता है, विकास कार्यक्रमों को क्रियान्वित करता है।
जिला पंचायत	ब्लॉक पंचायत, ग्राम पंचायत	नीति निर्देश, वित्त पोषण और निरीक्षण प्रदान करता है।
राज्य सरकार	जिला पंचायत, ग्राम पंचायत	नीतियां, वित्तीय सहायता और क्षमता निर्माण जारी करती है।
सरपंच	ग्राम पंचायत, स्थानीय समुदाय	पंचायत बैठकों का नेतृत्व करता है, उच्च स्तर पर गांवों का प्रतिनिधित्व करता है।
वार्ड सदस्य	ग्राम पंचायत, स्थानीय समुदाय	वार्ड-विशिष्ट मुद्दों और जरूरतों का प्रतिनिधित्व करता है, स्थानीय चिंताओं को व्यक्त करता है।
स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)	ग्राम पंचायत, स्थानीय समुदाय	महिलाओं को सशक्त बनाता है, वित्तीय साक्षरता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है।
स्थानीय समुदाय	ग्राम पंचायत, समुदाय-आधारित संगठन	शासन में सक्रिय भागीदारी, सेवाओं और परियोजनाओं पर फीडबैक।
स्थानीय सरकार के कर्मचारी	ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत	नीतियों के कार्यान्वयन का समर्थन करता है, स्थानीय प्रशासनिक सहायता प्रदान करता है।
पेशेवर और विशेषज्ञ	ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत	विकास पहलों पर विशेष ज्ञान और सलाह प्रदान करता है।

सुविधाकर्ता इन बिंदुओं का सारांश इस प्रकार देगा:

"भारतीय संविधान के 73वें संशोधन (1992) के अनुच्छेद 243जी के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को नागरिकों को बुनियादी सेवाएँ प्रदान करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए योजनाएँ बनाने और उन्हें लागू करने का अधिकार दिया गया है। यह अनुच्छेद पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएँ तैयार करने का निर्देश देता है, ताकि गाँव अपनी प्रगति का मार्ग स्वयं तय कर सकें।

साथ ही, मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993, राज्य की विकेन्द्रीकृत शासन प्रणाली के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। विशेष रूप से, इस अधिनियम की धारा 54 ग्राम पंचायतों को स्थानीय प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास योजनाएँ तैयार करने और उन्हें राज्य तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संरेखित करने के लिए 'सहभागितापूर्ण लोकतंत्र' को प्रोत्साहित करने पर बल देती है।

हालाँकि पंचायतों को 29 विषयों का दायित्व सौंपा गया है, वे अभी भी वित्तीय संसाधनों और मानव संसाधनों की सीमाओं का सामना करती हैं। इसलिए, यह आवश्यक है कि पंचायतें स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें। सूचीबद्ध प्रत्येक हितधारक पंचायत के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी हितधारक विकास प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल हों।"

उद्देश्य:

- यह समझ पाएँगे कि किसी भी सरकार के लिए योजना बनाना और बजट तैयार करना क्यों आवश्यक कार्य हैं।
- इस अनिवार्य भूमिका का समर्थन करने वाले संवैधानिक प्रावधानों को स्पष्ट रूप से बता सकेंगे।

गतिविधि 01: संदर्भ निर्धारण

- प्रतिभागियों से पूछें: "आपके अनुसार, किसी भी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी क्या होती है?"
- प्रतिभागी उत्तर देंगे जैसे: विकास, गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि।
- उत्तरों के आधार पर सुविधाकर्ता कह सकते हैं:

"हाँ! सही कहा आपने – विकास, सामाजिक और आर्थिक प्रगति, नीति निर्माण आदि सरकार की प्रमुख ज़िम्मेदारियाँ हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सरकार इन लक्ष्यों को कैसे हासिल करती है?"

- फिर जोड़ें:

"सरकार का प्रमुख कार्य **योजना बनाना** और **बजट तैयार करना** है। योजनाओं के माध्यम से सरकार अपने बजट और अन्य संसाधनों (जैसे मानव संसाधन, प्राकृतिक संसाधन आदि) का समुचित और समान वितरण करती है ताकि विकास की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

स्थानीय सरकार होने के नाते पंचायतों को भी अपने गाँव के लिए इसी प्रकार की योजना और बजट प्रक्रिया अपनानी चाहिए।"

गतिविधि 02: योजना और बजट क्यूँ महत्वपूर्ण हैं?

विधि: कहानी सुनाना + चार्ट पेपर चित्रण

- **कहानी प्रस्तुति:**

दो गाँवों की संक्षिप्त कहानियाँ साझा करें:

- **चार्ट पेपर पर चित्रण:**

इन दोनों कहानियों के मुख्य बिंदुओं को दो कॉलम में चित्र/शब्दों द्वारा दर्शाएँ – एक 'योजना वाला गाँव' और दूसरा 'बिना योजना वाला गाँव'। यह तुलना प्रतिभागियों को यह समझने में मदद करेगी कि सुव्यवस्थित योजना और बजट प्रक्रिया गाँव की खुशहाली में किस तरह योगदान करती है।

निपानीय पंचायत (योजना वाला गाँव)	लखीमपुर पंचायत (बिना योजना वाली पंचायत)
निपानिया पंचायत में, जहाँ किसान बड़ी मात्रा में ताज़ी सब्ज़ियाँ उगाते थे, अचानक बारिश के कारण उनकी फसलें बार-बार बर्बाद हो जाती थीं। सब्ज़ियां मंडी तक पहुँचने से पहले ही सड़ जाती थीं, जिससे किसान खाली हाथ रह जाते थे।	लखीमपुर पंचायत ब्लॉक मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित है और अक्सर पानी की कमी से जूझती रहती है। यह पंचायत कई गाँवों और बिखरी हुई बस्तियों को शामिल करती है। पंचायत को एक अनूठी चुनौती का सामना करना पड़ता है – पंचायत केंद्र से दूर स्थित गाँव अक्सर उपेक्षित रह जाते हैं।

एक ग्राम सभा के दौरान, सभी ने इस समस्या पर चर्चा की और यह निर्णय लिया गया कि यदि कोल्ड स्टोरेज बन जाए, तो फसलें ताज़ा रह सकेंगी और किसानों को नुकसान से बचाया जा सकेगा। सरपंच ने इस विचार से सहमति जताई, लेकिन बताया कि कोल्ड स्टोरेज बनाने में काफी खर्च आएगा, जिससे सड़क या स्कूल की मरम्मत जैसे अन्य कार्यों के लिए कम बजट बचेगा। आसपास के गाँवों के किसान भी इसी समस्या से जूझ रहे थे। सरपंचों की एक अनौपचारिक बैठक में यह तय हुआ कि वे अपने क्षेत्र के विधायक से सहायता माँगेंगे। विधायक ने उनकी बात ध्यान से सुनी और इस मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास (MLA-LAD) निधि से बजट आवंटित करने का वादा किया। इस प्रस्ताव को ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) में शामिल किया गया। बजट मिलने के बाद गाँव में कोल्ड स्टोरेज का निर्माण हुआ। गाँव के लोगों ने स्वेच्छा से कहा कि पंचायत को इसके निर्माण के लिए 1000 रुपये का सहयोग देना चाहिए।	बार-बार सूखे की स्थिति के बावजूद पंचायत ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पंचायत ने न तो उचित ग्राम सभाओं का आयोजन किया और न ही सभी गाँवों को शामिल किया। बैठकों का आयोजन अक्सर पंचायत केंद्र के पास के गाँवों तक ही सीमित रहता। दूरस्थ गाँवों में हैंडपंप और पाइपलाइनों की मरम्मत की आवश्यकता को नज़रअंदाज़ किया गया। पंचायत समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (PHE) विभाग के साथ समन्वय नहीं कर सकी, जिसके कारण इन क्षेत्रों में मोटर पंप और हैंडपंप काम नहीं कर रहे थे। समन्वय की कमी के कारण जल जीवन मिशन (JJM) की निधि समाप्त हो गई और उसका समुचित उपयोग नहीं हो पाया। गर्मियों के दौरान जब पानी की आवश्यकता सबसे अधिक थी, तब छोटे और सीमांत किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि वे अपनी छोटी जोत की खेती और उस पर आधारित आय पर निर्भर थे। पंचायत की निष्क्रियता महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (MGNREGS) के तहत वृक्षारोपण, चेक डैम, और अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (NRM) कार्यों की योजना तक प्रभावित हुई। लखीमपुर के लिए जो धनराशि आसानी से उपलब्ध थी, उसका उपयोग नहीं हो सका, और अंततः ग्रामीणों को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़े।

सुविधाकर्ता दो स्वयंसेवकों से कहेंगे कि वे दोनों कहानियाँ पढ़ें और उसके बाद एक खुली चर्चा की शुरुआत करेंगे:

- प्रश्न: "जब दोनों पंचायतों के पास समान संसाधन और संस्थाएँ थीं, तब भी उनके परिणाम इतने भिन्न क्यों थे?"

